भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1582
जिसका उत्तर 27 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है।
6 अग्रहायण, 1941 (शक)

पश्चिम बंगाल में इलेक्ट्रोनिक्स हार्डवेयर पार्क

1582. श्रीमती लॉकेट चटर्जी:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का पश्चिम बंगाल में कोई इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर पार्क/विनिर्माण केन्द्र या इकाइयां स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने राज्य में कोई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की इकाइयां स्थापित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क) से **(ख)** : इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीआई), भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल राज्य में नहाती, उत्तर 24 परगना जिला और फाल्टा, दक्षिण 24 परगना जिले में दो (2) ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टरों को अनुमोदित किया है। इन ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टरों का विकास 128.04 एकड़ भूमि पर भारत सरकार की 51.34 करोड़ रु. की अनुदान सहायता सहित 117.17 करोड़ रु. की परियोजना लागत से किया जा रहा है। इसके अलावा, इस मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल राज्य में संशोधित विशेष प्रोत्साहन पैकेज योजना (एम-सिप्स) के तहत 5 आवेदनों को अनुमोदित किया है। अब तक, पश्चिम बंगाल राज्य में अनुमोदित ईएमसी के विवरण और एम-सिप्स के तहत अनुमोदित आवेदनों के विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

(ग से (घ) : इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल राज्य में कोलकाता, सिलीगुड़ी, दुर्गापुर, हल्दिया और खड़गपुर में पांच (5) भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई) अनुमोदित किए हैं, जो प्रचालनरत हैं।

******

अनुबंध

पश्चिम बंगाल राज्य में इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टर के विवरण

करोड़ रुपए में

#	राज्य	परियोजना स्थल	कार्यान्वयन एजेंसी	क्षेत्र (एकड़)	परियोजना परिव्यय	सहायता अनुदान	जारी किया गया सहायता अनुदान
1	पश्चिम बंगाल	सेक्टर -IV और V, फाल्टा औद्योगिक केंद्र, पीएस रामनगर , जिला दक्षिण 24 परगना	पश्चिम बंगाल इलेक्ट्रॉनिकी उद्योग विकास निगम लिमिटेड (डब्लूईबीईएल)	58.04	58.86	25.64	5.13
2		नहाती शहर, उत्तर 24 परगना जिला		70	58.31	25.70	5.14
कुल				**128.04**	**117.17**	**51.34**	**10.27**

एम-सिप्स के तहत अनुमोदित आवेदनों के विवरण :

#	राज्य	आवेदक	आवेदन की संख्या	निवेश (करोड़ रु. में)
1	पश्चिम बंगाल	मेसर्स सेंचुरी एलईडी लिमिटेड	1	185.60
2		मेसर्स मेगाथर्म इंडक्शन प्रा. लिमिटेड	1	54.16
3		मैसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड	1	28.85
4		मेसर्स विक्रम सोलर प्रा. लिमिटेड	2	734.39
कुल				**1003**

******